Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 17-08-2006

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

>

Title: Regarding drainage of water at Bhartaul village in Cantonment area of Bareilly, Uttar Pradesh.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र बरेली के अंदर छावनी क्षेत्र भी है और सैन्य प्रतिठान भी हैं। ऐसे ही एक प्रतिठान 6 माउंटेन्स डिप के पड़ोस में एक गांव भरतौल है जिसकी आबादी 5000 से अधिक है और आधे से अधिक वहां सैनिक व भू.पू. सैनिक निवास करते हैं। वह गांव तीन ओर से सैन्य क्षेत्र से घिरा हुआ है और फायरिंग रेंज के नजदीक है। वहां आने-जाने का मार्ग भी सेना-प्रशासन द्वारा बनाया गया है, लेकिन दुर्भाग्य है कि इस गांव के पानी के निकास की कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए सैन्य-प्रशासन से निरन्तर कहा जा रहा है कि इस गांव के पानी के निकास की व्यवस्था भी आप कराइए या खुद करिए। यदि आप नहीं कर सकते हैं, तो ग्रामवासियों को करने दीजिए, लेकिन सैन्य-प्रशासन इसमें असुविधा पैदा कर रहा है और कोई सहयोग नहीं कर रहा है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि 6 माउंटेन डिप या सेना के अन्य अधिकारी जो इस कार्य क्षेत्र को देख रहे हैं, उन्हें यह निर्देश दिया जाए कि इस गांव के पानी के निकास की प्रमुख एवं महत्वपूर्ण समस्या है, इसलिए इस ओर ध्यान दें और तुरन्त इसके लिए एक उपयुक्त माध्यम या निकास का रास्ता बनाकर सही ढंग से गांव के पानी को निकालने का काम करें जिससे इस गांव के निवासियों की समस्या हल हो सके। धन्यवाद।